# डार्डानेल्स जलडमरूमध्य

[स्रोत: BBC]

उत्तर-पश्चिमी तुर्की में **वनाग्नि** के कारण **डार्डानेल्स जलडमरूमध्य** को समुद्री यातायात के लिये अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

- **डार्डानेल्स जलडमरूमध्य** उत्तर-पश्चिमी तुर्की में स्थित एक महत्त्वपूर्ण **संकीर्ण जलमार्ग** है। यह यूरोप में स्थित **गैलीपोली प्रायद्वीप** को एशिया माइनर (एशिया के मुख्य भू-भाग) से अलग करता है।
- यह **एजियन सागर** को **मरमरा सागर** से जोड़ता है, जिससे **बोस्फोरस जलडमरूमध्य** के माध्यम से **काला सागर** तक आवागमन संभव होता है।
- डार्डानेल्स जलडमरूमध्य पर स्थित प्रमुख बंदरगाह **गैलीपोली**, **इसाबात** और **कानाक्कले** हैं, जो सभी तुर्की में स्थित हैं।
- **ऐतिहासिक महत्त्व– डार्डानेल्स जलडमरूमध्य** कई महत्त्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है, जिनमें **फारसी आक्रमण (480 ईसा पूर्व)** और प्रथम विश्व युद्ध **का गैलीपोली अभियान** शामिल हैं।




**और पढ़ें:** गैलीपोली की लड़ाई

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dardanelles-strait